# हर हाल में खुश रहना संतो से सीख जाएं

हर हाल में खुश रहना संतो से सीख जाएं,
महफिल में जुड़ा रहना संतों से सीख जाएं,
हर हाल में खुश रहना संतो से सीख जाएं॥

सुख दुख में हंसना रोना है काम है कायरों का
दोनों में मुस्कुराना संतो से सीख जाएं,
हर हाल में खुश रहना संतो से सीख जाएं॥

झंझट से भाग जाना सब लोग बताते हैं,
झंझट में बच के रहना संतो से सीख जाएं,
हर हाल में खुश रहना संतो से सीख जाएं॥

मरने के बाद मुक्ति सब लोग बताते हैं,
जीते जी मुक्त होना संतो से सीख जाएं,
हर हाल में खुश रहना संतो से सीख जाएं॥

दुनिया के लोग दौलत पा करके मुस्कुराते,
अरे बिच्छू बनके हंसना संतों से सीख जाएं,
हर हाल में खुश रहना संतो से सीख जाएं॥

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/26697/title/har-haal-me-khush-rehna-santo-se-seekh-jaaye

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |